तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 28 नवंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 डॉ.आंबेडकर के योगदान को किया याद व आत्मानंद....



14 आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने समाज ...




## खबर संक्षेप

### तीर्थयात्रियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**भानुप्रतापपुर।** जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में 43 हितग्राहियों को उपाध्यक्ष जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर निर्मला कावड़े द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर कोरेटी जनपद पंचायत सदस्य भानुप्रतापपुर भुनेश्वर, रघुवर सिंह मरकाम, सुरेन्द्र बघेल, मंजू जैन, कमलेश गावड़े व अन्य उपस्थित रहें।

### इलाज के दौरान बच्चे की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सिविल अस्पताल पखांजुर में इलाज के दौरान 14 वर्षीय आकाश मंडल का मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। अचानक स्वास्थ्य अधिक खराब होने से इलाज के दौरान 25 नवंबर को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### डूबने से ग्रामीण की मौत, जांच जारी

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत बोगर तालाब में डूबने से 26 नवंबर को भानुप्रतापपुर निवासी 52 वर्षीय जय सिंह यादव का मौत हो गया। बोगर निवासी ओमप्रकाश यादव ने पुलिस को बताया कि मृतक का मौत तालाब के पानी में डूबने से हुआ है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगा युवक ने की खुदकुशी, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत हरनगढ़ निवासी 27 वर्षीय संजय ध्रुवा ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगा लिया। हरनगढ़ निवासी 24 वर्षीय रोबिन ध्रुवा ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 26 नवंबर को खेत की अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ने फांसी क्यो लगाया यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### इलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत सीएचसी भानुप्रतापपुर में इलाज के दौरान 26 नवंबर को साढ़े 6 बजें मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक नारायणपुर निवासी 27 वर्षीय त्रिनाथ भण्डारी का स्वास्थ्य खराब होने पर इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

**आपरेशन :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने नक्सलियों से हथियार छोड़ने की फिर अपील की

# वट्टेकाल मुठभेड़ में रूपी, चंदर व नक्सली दस्ता बच निकले, पुलिस ने बढ़ाई नाकेबंदी

परतापुर थाना क्षेत्र के बहुचर्चित वट्टेकाल जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में पुलिस को बड़ी सफलता मिलते–मिलते रह गई। मुठभेड़ के दौरान जवानों की गोलियों की मार से बचते हुए नक्सली दस्ता, जिसमें महिला नक्सली रूपी भी शामिल थी, घने जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गई। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके में सर्चिंग तेज कर दी है और नक्सलियों के संभावित ठिकानों पर दबिश जारी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कुछ दिनों पहले यह मुठभेड़ उस समय शुरू हुई जब डीआरजी, बीएसएफ और जिला पुलिस बल की संयुक्त टीम को वट्टेकाल के जंगलो में कैंप करने की जानकारी मिली थी। इसके बाद एक बड़ी संख्या में जवानों का दल जंगल की ओर रवाना हुआ। रूपी के नेतृत्व में करीब 12 से 15 नक्सलियों का एक दस्ता इस इलाके में सक्रिय था, टीम आगे बढ़ ही रही थी कि घने कच्चे रास्ते के पास पहले से घात लगाए नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए तगड़ा पलटवार किया। यह मुठभेड़ करीब एक घंटे से अधिक समय तक चली, गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा जंगल थर्रा उठा। हाल में सुरक्षा बलों की लगातार सफल कार्रवाइयों के चलते संगठन बिखरा है। जवानों से बचने के लिए उत्तर बस्तर के बचे नक्सली जान बचाते हुए इ धर से उधर भटक रहे है। मुठभेड़ की खबर फैलते ही वट्टेकाल के आसपास गांव के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि सुरक्षा बलों ने ग्रामीणों को समझाइश दी है कि वे अफवाहों से दूर रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। मुठभेड़ के बाद डीआरजी, एसटीएफ और बीएसएफ की विभिन्न टुकड़ियों ने संयुक्त रूप से आसपास के सभी जंगलों में कॉम्बिंग ऑपरेशन को तेज कर दिया है। जवानों को यह भी आशंका है कि फरार होने के बाद नक्सली नई रणनीति तैयार कर सकते हैं, इसलिए उनकी पुनः सक्रियता को रोकना जरूरी है।



### महिला नक्सली रूपी पर फोर्स की खास नजर

मुठभेड़ के बाद सबसे ज्यादा चर्चा जिस नाम की हुई, वह है रूपी, जो मानपुर मोहला में मारे गए विजय रेड्डी की पत्नी है। पिछले कुछ वर्षों में इलाके में सक्रिय एक कुख्यात महिला नक्सली के रूप में सामने आई है। वट्टेकाल के जंगल में मुठभेड़ के समय भी रूपी अपने एक छोटे दस्ता के साथ मौजूद थी, इस दल में डीव्हीसीएम चंदर के होने की भी बात सामने आ रही है।



### घने जंगल और कठिन भूगोल बने ढाल

वट्टेकाल का भूगोल सुरक्षा बलों के लिए हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। घने साल-टीक के जंगल, पहाड़ी चढ़ाई, नाले व गहरी खाइयाँ नक्सलियों को भागने का मौका देती हैं। यही कारण है कि मुठभेड़ के बाद नक्सली आसानी से दूसरी दिशा में फैल गए और अंधेरा होते ही सुरक्षित ठिकानों की ओर निकल गए। जवानों को कैंप के कुछ अवशेष मिले है, जिसकी जाँच जारी है।

### नक्सल इलाकों में विकास कार्य में आएगी गति

सुरक्षा एजेंसियां मानती हैं कि नक्सली अब पहले जितने मजबूत नहीं बचे हैं और उनके पास संसाधनों की भी कमी हो रही है। आने वाले दिनों में सुरक्षा बल और भी आक्रामक अभियान चला सकते हैं। नक्सलियों की मौजूदगी वाले इलाकों में लगातार दबाव बनाए रखना, ग्रामीणों के बीच विश्वास बढ़ाना और सड़क-संचार-विकास कार्यों को तेज करना उनकी प्राथमिकता होगी।

### हथियार छोड़ने का अभी भी है मौका

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने बताया कि सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की उपस्थिति वाले लगभग 20 किलोमीटर के इलाके को चिह्नित कर विस्तृत तलाशी अभियान चलाया है। कई पगडंडियों, पहाड़ी चढ़ाइयों, झाड़ियों और संभावित ठिकानों को खंगालने के लिए विशेष टीमों को तैनात किया गया है। उत्तर बस्तर के जंगल में घूम रहे नक्सलियों से यही अपील है कि अभी भी हथियार छोड़ने का मौका है, सीधे पुलिस के नंबर 9479194100 पर सीधे संपर्क कर सकते है, अन्यथा जंगल में आपरेशन कर रही फोर्स का सामना करने के लिए तैयार रहे।

# शादी समारोह में खाने को लेकर विवाद, तीन युवकों ने मिलकर की पिटाई की

सब्जी में ज्यादा हो गया नमक, युवकों को नमक पर चढ़ा गुस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में शादी की खुशियां उस समय तनाव में बदल गईं, जब भोजन की गुणवत्ता पर हुई मामूली टिप्पणी ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। सब्जी में नमक अधिक होने की बात कहना एक व्यक्ति को इतना भारी पड़ा कि तीन युवकों ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया है।

जिले के पखांजुर थाना क्षेत्र में आयोजित एक शादी समारोह में भोजन को लेकर विवाद बढ़ जाने से मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़ित पीव्ही 129 गोविंदपुर निवासी 45 वर्षीय विजय मंडल पिता शिवपद मंडल ने पखांजुर थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 24 नवंबर की रात करीब 11 बजे वह अपने गांव के दिलीप के घर आयोजित शादी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। समारोह संपन्न होने के बाद वह अपने परिवार के साथ भोजन कर रहा था। खाना खाने के बाद जब वह हाथ धो रहा था, तभी गांव का केना महलदार वहां आया और उससे पूछा कि खाना कैसा बना है। विजय मंडल ने सामान्य तौर पर जवाब देते हुए कहा कि सब्जी में नमक कुछ ज्यादा है और खाना ठीक से नहीं बना। इसी टिप्पणी पर केना महलदार नाराज हो गया और आरोप है कि उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। विजय मंडल के अनुसार, उसने केना को शांत रहने और शादी के माहौल में विवाद न करने की सलाह दी, लेकिन वह नहीं माना। इसी दौरान गांव के दो अन्य युवक रूपल सरदार और सुब्रत साना भी वहां पहुंच गए। आरोप है कि तीनों ने मिलकर विजय मंडल पर हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया। गांव में इस घटना की चर्चा जोर पकड़ रही है, क्योंकि एक साधारण टिप्पणी पर इतना बड़ा विवाद खड़ा हो जाना लोगों के लिए चौंकाने वाली बात है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले में निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित ने पुलिस को ▶▶|शेष पेज 12 पर

# सास-बहू समेत दो घायल दामाद पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कांकेर क्षेत्र के शिवनगर में पारिवारिक विवाद के चलते मारपीट की घटना सामने आई है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिवनगर निवासी 48 वर्षीय जगबती साहू पत्नी रामाधर साहू ने थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि वह अपनी मां गनेसिया साहू के साथ रहती हैं। उनकी बेटी ममता साहू का विवाह शिवनगर निवासी सुधराम सलाम से हुआ है, लेकिन दाम्पत्य जीवन में आए तनाव के कारण दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता है। शिकायत के अनुसार, झगड़े के अगले दिन सुबह करीब साढ़े 9 बजे सुधराम साहू उनके घर पहुंचा और बेटी को घर में छुपाने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और बांस के डंडे से जगबती साहू पर हमला कर दिया। जब उनकी मां गनेसिया साहू ने बीच-बचाव की कोशिश की, तो आरोपी ने उन्हें भी डंडे से पीट दिया। मारपीट में दोनों महिलाओं के सिर में चोट आई है। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने थाना कांकेर में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी सुधराम सलाम के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



# निरीक्षण कर धान खरीदी केंद्र की समस्याओं किया समाधान



**कांकेर।** राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व सदस्य और जिला वनोपज सहकारी संघ कांकेर के अध्यक्ष नितिन पोटाई नरहरपुर विकासखंड के ग्राम कुरना स्थित धान उर्पाजन केन्द्र पहुंचे तथा धान खरीदी व्यवस्था के विषय मे किसानों एवं लेंम्प्स समिति के कर्मचारियों से बातचीत किया। पूर्व में संस्था के अध्यक्ष एवं प्रबंधक के बीच धान खरीदी को लेकर तालमेल नही बैठने के कारण धान खरीदी केन्द्रों में प्रभारी नियुक्त नहीं हो सका था। जिसके कारण धान खरीदी में विलंब हो रहा था, जिससे किसान प्रभावित हो रहे थे और किसानो में आक्रोश व्याप्त था। इसलिए क्षेत्र के समस्त किसानों ने बैठक आयोजित कर समस्या के निराकरण के लिए चर्चा कर रहे थे, जिसे नितिन पोटाई की उपस्थिति में ताल मेल बनाकर धान खरीदी शुरू करने की पहल की गई।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वाशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविंद ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222.संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


मंत्री केदार कश्यप, सांसद भोजराज नाग और विधायक विक्रम उसेंडी ने किया भूमिपूजन

# 137 करोड़ की लागत से अंतागढ़-नारायणपुर मार्ग का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अंतागढ़-नारायणपुर क्षेत्रवासियो की बहुप्रतिक्षित मांग को सरकार ने पूरी कर दी है। वन, पर्यावरण, सहकारिता एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य में 46 किमी लंबी इस सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का ग्राम ताड़ोकी में आयोजित कार्यक्रम में भूमिपूजन किया गया। इस सड़क निर्माण के लिए शासन द्वारा 136 करोड़ 77 लाख रूपएं की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। भूमिपूजन समारोह की अध्यक्षता विधायक अंतागढ़ विक्रमदेव उसेण्डी द्वारा की गई तथा सांसद भोजराज नाग उपस्थित रहें। सड़क निर्माण कार्य के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के वन, पर्यावरण, सहकारिता एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के नागरिकों के लिए जीवनदायिनी सिद्ध होगा। क्षेत्रवासियों द्वारा इस सड़क निर्माण के लिए लंबे समय से मांग की जा ▶▶|शेष पेज 12 पर




### कृषि, व्यापार, शिक्षा एवं आपदा प्रबंधन में आएगा सुधार

अंतागढ़ विधायक विक्रमदेव उसेंडी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में इस सड़क के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसके निर्माण से अंतागढ़-नारायणपुर के बीच आवागमन सुगम होगा, जिससे कृषि, व्यापार, शिक्षा एवं आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार होगा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांव से शहरों की दूरी घट गई है, गांव-गांव सड़क बनाए जा रहे हैं, जिसका फायदा हर क्षेत्र को मिल रहा है। कार्यक्रम में नारायणपुर जिला ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### पैरी नदी पर एनिकेट निर्माण के लिए चार करोड़ मंजूर, आज भूमि पूजन

**सरोना।** तहसील के ग्राम पंचायत धनेसरा में वर्षों से लंबित पैरी नदी एनिकेट निर्माण का सपना अब साकार होने जा रहा है। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा 4 करोड़ 7 लाख रुपए की लागत से एनिकेट निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी महत्वपूर्ण कार्य के शुभारंभ के लिए आज 28 नवंबर शुक्रवार को भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक आशाराम नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और एनिकेट निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत करेंगे। यह एनिकेट स्थानीय ग्रामीणों की सिंचाई व्यवस्था, कृषि उत्पादन और जल संरक्षण की वर्षों पुरानी समस्या को दूर करने में बड़ी भूमिका निभाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि पैरी नदी पर एनिकेट बनने से धनेशरा सहित आसपास के गांवों में पानी की समस्या काफी हद तक दूर होगी। वर्षा पर निर्भर किसानों के लिए यह निर्माण कार्य एक नई उम्मीद लेकर आ रहा है, जिससे खेती-किसानी में सुधार होने के साथ-साथ आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। ग्राम पंचायत धनेसरा, जनपद पंचायत नरहरपुर और समस्त ग्रामीणों ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए प्रदेश सरकार और क्षेत्रीय विधायक का आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षों से इस नदी पर स्थायी जल संरचना की मांग की जा रही थी। अब निर्माण शुरू होने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### लापरवाही के चलते अन्नपूर्णापारा पीडीएस सेंटर को किया निलंबित

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा द्वारा 26 नवंबर को जिले की विभिन्न शासकीय उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान, अन्नपूर्णा पारा आईडी क्र 61001009 में गंभीर अनियमितताएं पाई गई। मौके पर दुकान बंद पाई गई, वहीं दुकान परिसर में अनिवार्य सूचना पटल, सामग्री वितरण पात्रता सूची, मूल्य सूची एवं टोल फ्री नंबर का प्रदर्शन नहीं पाया गया और साथ ही दुकान के स्थल परिवर्तन की जानकारी पुराने स्थल पर प्रदर्शित नहीं की गई थी। मार्च 2024 में भौतिक सत्यापन के दौरान पाई गई खाद्यान्न कमी की राशि जमा कराने के लिए जारी पत्र का कोई समुचित उत्तर दुकान संचालक द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि इन सभी अनियमितताएं व लापरवाही सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 की कंडिका 12.3 तथा 14 (1), (2) का स्पष्ट उल्लंघन है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आते हैं। खाद्य अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त अनियमितताओं के आधार पर आयोग द्वारा दुकान संचालक पर कड़ी कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से दुकान का निलंबन करने के निर्देश दिए गए। निर्देश के परिपालन में उचित मूल्य दुकान को निलंबित करते हुए उसे आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से संगवारी महिला स्व-सहायता समूह, बरदेभाटा आईडी 601001010 में संलग्न कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा भविष्य में भी ऐसे मामलों पर कठोरता से कार्रवाई जारी रहेगी।

### खाद्य आयोग के अध्यक्ष का नगरागमन पर किया स्वागत

**नरहरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता संदीप शर्मा के खाद्य आयोग के अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा बनने पश्चात प्रथम नरहरपुर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ता मुकेश संचेती के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात विश्रामगृह में भाजपा मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पुष्पहार पहनाकर आयोग के अध्यक्ष का अभिनंदन किया। सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने भी संदीप शर्मा का पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। राज्य मंत्री दर्जा खाद्य आयोग के अध्यक्ष वरिष्ठ नेता संदीप शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सरकार ने जो ज़िम्मेदारी सौंपी है। उस ज़िम्मेदारी को पुरी लगन के पुरा करने के साथ ही विभागीय कार्यों में तेज़ी लाने तथा योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को शत प्रतिशत मिले। उनकी योजना बनाकर कार्य करना ही मुल उद्देश्य है और साथ ही भाजपा के पदाधिकारियों की भी जिम्मेदारी है की सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से हो सके इसकी चिंता करनी होगी। ब्राह्मण समाज द्वारा किए सम्मान के लिए भी समाज का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भागवत शोरी, लक्ष्मी साहू, धनेश कौशिक, जसराज चोपड़ा, आसकरण ध्रुव, ओमेश सोनवंशी, दीपक यादव, विजयेंद्र शुक्ला, राजेश नाग, रामू साहू, तरुण निषाद तथा समाज से मांडवी, दिक्षीत लक्ष्मण शुक्ला, मदन मोहन शर्मा, नरेंद्र मोहन शर्मा, जगदीश तिवारी, नरेंद्र पाठक, अल्का शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सुख-समृद्धि की कामना से सुहागिनों ने किया माता लक्ष्मी व तुलसी पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

अगहन मास के तृतीय गुरुवार के अवसर पर आज क्षेत्रभर में महालक्ष्मी व्रत एवं पूजन अत्यंत श्रद्धाभाव के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही नगर व गाँवों की सुहागिन महिलाओं ने स्नान-ध्यान कर व्रत आरंभ किया तथा घर-आँगन को पवित्र कर देवी महालक्ष्मी की आराधना में तत्पर हो गईं। अगहन गुरुवार को सौभाग्य, सुख-समृद्धि व गृहस्थ जीवन में स्थिरता प्रदान करने वाला अत्यंत फलदायी पर्व माना गया है।

व्रत विधान के अनुसार महिलाओं ने सुबह ही घर के मुख्य द्वार पर चांवल, रोली अथवा आटे से माता लक्ष्मी के पगचिह्न अंकित किए, जो देवी के आगमन का प्रतीक हैं। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन, धूप, नैवेद्य, फल, पुष्प तथा प्रसाद अर्पित कर लक्ष्मी-नारायण का पूजन किया गया। कई परिवारों में तुलसी के पौधे के सामने दीपदान कर लक्ष्मी व तुलसी का संयुक्त पूजन भी विशेष रूप से हुआ। धार्मिक मान्यता है कि तुलसी भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है, अतः इस दिन माता लक्ष्मी का पूजन विष्णु सहचरी के रूप में सर्वोत्तम फल प्रदान करता है। पूजन के दौरान महिलाओं ने लक्ष्मी स्तोत्र, भजनों व कीर्तन से वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा। दोपहर व संध्या के समय कथा-पूजन के साथ व्रत की परंपरागत रस्में निभाई गईं। इस अवसर पर कई स्थानों पर सामूहिक पूजा आयोजन भी हुए, जिसमें ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएँ सम्मिलित हुईं। पूरे क्षेत्र में दिन भर उल्लास, आस्था और धार्मिक उत्साह का वातावरण रहा। श्रद्धालुओं ने इस पावन पर्व को भारतीय संस्कृति, विश्वास और आध्यात्मिक अनुरक्ति के साथ मनाया। उल्लेखनीय है कि अगहन माह का अंतिम गुरुवार 4 दिसंबर को पड़ेगा, जिसके साथ यह व्रत-विधान विधिपूर्वक संपन्न होगा।



## बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ को कलेक्टर महादेव क्षीरसागर ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया

# उत्कृष्ट ढंग से डिजिटाइजेशन पूर्ण करने पर 37 बीएलओ को कलेक्टर ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के अद्यतन एवं शुद्धिकरण के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। इसके तहत बीएलओ 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर के बीच मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण एवं प्राप्त कर डिजिटाइजेशन एवं सत्यापन का कार्य कर रहे हैं। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केन्द्रों में शत-प्रतिशत मतदाताओं के गणना प्रपत्र का डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने वाले 37 बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 80 अंतर्गत प्राशा पलेवा के सतीश कुमार सोनकर, प्राथमिक शाला कानापोड़ के पप्पू सिन्हा, माशाला जेपरा के बीएलओ चिंताराम गंगबेर, प्राशा टिकरापारा के ईगलाल खरे, प्राथमिक शाला जेपरा के केशोराम साहू, हायर सेकेण्डरी स्कूल बैजनपुरी के अजय कुमार भेड़यिा, डुमरकोट के योगेन्द्र कुमार यदु, हावरकांदल के मनोज कुमार जुर्री, हायर सेकेण्डरी स्कूल सेलेगांव के विजेन्द्र कुमार बंजारे, माशा डुमरकोट के चिरंजीव देवांगन, माशा हरनपुर के चंद्रहास भास्कर, नरसिंगपुर के रोशन जैन, मिडिल स्कूल भण्डारडिगी के मनोज देवांगन और प्राशा झिटकाटोला के किशोर कुमार कोसमा को प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया है। कांकेर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 81 अंतर्गत प्राशा बदबनी के बीएलओ अनिरूद्ध कुमार चंद्रवंशी, प्राशा बरेठीनबाहरा के मोतीसिंग नेताम, प्राशा ढेकुना के जीआर साहू, प्राशा झलियामारी के केशव लाल साहू, प्राशा भैंसमुण्डी के देवेन्द्र कुमार पटेल, बोरगांव के नमिता वट्टी, ईरादाह के शिवकुमार साहू तथा बुधियारमारी के बीएलओ कमलेश कुमार भूआर्य को शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं एसडीएम अरूण कुमार वर्मा एवं निर्वाचन शाखा के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एसआईआर सत्यापन का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण

कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर क्षीरसागर ने उपस्थित बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता वाला एसआईआर सत्यापन का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है और जिले में नियुक्त सभी बीएलओ बेहतर ढंग से सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। यह अत्यंत महत्वपूर्ण और अति आवश्यक कार्य है, किन्तु मैदानी स्तर पर अनेक प्रकार की कठिनाइयां आती हैं जिनका निराकरण बीएलओ ने अपने स्तर पर बेहतर तरीके से किया है। यह अपने-आप में एक प्रशंसनीय कार्य है, जिसमें बीएलओ ने अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं के सत्यापन करने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने वाले तीनों विधानसभा क्षेत्र से आए 37 बीएलओ को कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र सौंपकर अपनी शुभकामनाएं दी और साथ ही कलेक्टर के समक्ष बीएलओ ने फील्ड में आई कठिनाइयों और समस्याओं का उनके द्वारा किए गए समाधानकारक प्रयासों के बारे में अपने अनुभव साझा भी किए। कलेक्टर के हाथों सम्मानित होने वाले बीएलओ में अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 79 अंतर्गत प्राशा हिमोड़ा के बीएलओ नोहर लाल पोर्ते, प्राशा मंडागांव के ओमप्रकाश दुग्गा, प्राशा संबलपुर के कमलेश रावटे, प्राशा कलगांव के कपिल राम साहू, प्राशा चारगांव के इंदेश कुमार मंडावी, प्राशा बैहासाल्हेभाट के मुकेश कुमार फांफा, प्राशा आनंदनगर के अभिजीत राय, प्राशा शांतिनगर के नबीन कुण्डू, प्राशा पीव्ही 3 शारदानगर के रंजीत कर, प्राशा कमलपुर के गणेश दास, प्राशा जयपुर 51-52 के बीएलओ मृणाल कांति बाला, नवीन कुंडू, बनानी बैनर्जी, शुभाशीष नाग और विकास मंडल को सम्मानित किया गया।

# सरोना की ब्लाक प्रतियोगिता में सैकड़ों खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखण्ड नरहरपुर के ग्राम सरोना में मेरा युवा भारत कांकेर द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तहत में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न गाँवों से आए सैकड़ों खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के लिए कबड्डी, गोला फेंक और 100 मीटर दौड़ तथा महिला वर्ग के लिए रस्साकसी, तवा फेंक और 100 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता रखा गया। प्रतिभागियों ने प्रभावशाली खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक सरोना के प्राचार्य सतीश प्रकार नेताम द्वारा किया गया। सभी खिलाड़ियों से भेंट कर उन्हें श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता सुबह 10 से शाम 6 बजे तक चला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर उपस्थित ने विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए तथा ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं के विकास को सार्थक पहल बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उप सरपंच सरोना दिनेश कुमार सहारे, जनपद पंचायत सदस्य चिंतामणि रामटेके, भाजपा मंडल अध्यक्ष टैकेश्वर सिन्हा, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया और वार्ड पंच रामभरोष मंडावी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन और प्रबंधन जिला युवा अधिकारी नितिन कुमार शर्मा के निर्देशन में किया गया, जिसकी रूपरेखा अंकिता साहू, हर्ष कुमार डोंगरे और अरुण कुमार नेताम द्वारा तैयार की गई। आयोजन के सफल संचालन में गोपेश्वर पडेटी, भावेश साहू, संजू ठाली, नमिता सेन, भूमिका शोरी और भौमिक साहू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बाल क्रीड़ा में प्रतिभागियों ने लिए उत्साह पूर्वक भाग

**दुर्गुकोंदल।** संकुल स्तर पर आयोजित बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ आज 27 नवंबर को किया गया। यह प्रतियोगिता गोडपाल एवं ओटेकसा संकुल अंतर्गत तीन दिवसीय खेल समारोह के रूप में आयोजित की गई है, जिसमें अनेक शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राएँ उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में दौड़, कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। आरंभिक चरण में ही खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियाँ बटोरीं। समिति एवं खेल प्रशिक्षकों द्वारा प्रतियोगिता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मुख्य अतिथि गोपी बढ़ाई ने सबसे पहले ध्वजारोहण एवं सलामी स्वीकार कर खेल प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल खिलाड़ी के मध्य भाईचारे, अनुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। विद्यार्थियों के जीवन



में पढ़ाई के साथ-साथ खेल का भी महत्वपूर्ण स्थान है, जिससे न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मानसिक विकास भी होता है। ऐसे खेल आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा को पहचान मिलती है। यहाँ से आगे जिला, संभाग, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कराकी सरपंच जवाहर ठाकुर ने किया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में खेलों की भारी क्षमता है। उन्हें सही मंच देकर ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है। विशेष अतिथि के रूप में सरपंच ओटेकसा निलेश बढ़ाई, ग्राम गायता धन सिंह पुंगाटी, भाव सिंह मंडावी, सुखचंद प्रजापति, चंदन कुमार कोवाची, महेश कोवाची तथा रजनाथ उईके उपस्थित रहे।

# कोचिंग के बच्चे कड़ी मेहनत से अपना भविष्य संवारें : सहायक संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



सर्वत्र खुशियां बिखेरता हमर दुर्गुकोंदल की परिकल्पना को साकार करते हुए संकुल केंद्र दुर्गुकोंदल में विगत कई दिनों से नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। यह कोचिंग प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक नियमित रूप से आयोजित की जाती है, जिसमें संकुल क्षेत्र के लगभग 40 विद्यार्थियों को चयनित विषयों की विशेष तैयारी कराई जा रही है।

कोचिंग की गुणवत्ता एवं प्रगति का आकलन करने जिला शिक्षा कार्यालय कांकेर के सहायक संचालक एसपी कोसरे, बीईओ अंजनी मंडावी एवं प्राचार्य अजय नेताम द्वारा कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने पहुंचते ही बच्चों से उनकी तैयारी के संबंध में बातचीत की एवं विभिन्न विषयों से कुछ प्रश्न पूछे। बच्चों ने आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ उत्तर देकर अपनी लगन और मेहनत का परिचय दिया। बच्चों की तैयारी देखकर सहायक संचालक कोसरे ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की। बच्चों से कहा कि नवोदय विद्यालय में प्रवेश आपके उज्वल भविष्य की महत्वपूर्ण सीढ़ी है। आप सभी पूरी लगन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के साथ तैयारी करें। सफलता निश्चित रूप से आपके कदम चूमेगी। साथ ही उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की भी सराहना की और कोचिंग की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यार्थियों को परीक्षा की नवीनतम पद्धति एवं समय प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल के होनहार बच्चों को बेहतर मार्गदर्शन और अनुकूल वातावरण देकर उनके सपनों को साकार किया जा सकता है।

# संविधान दिवस पर ब्लाक की विभिन्न शालाओं में किया उद्देशिका वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत बुधवार 26 नवंबर को विभिन्न शासकीय शालाओं में संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों व शिक्षकों ने संविधान की उद्देशिका की सामूहिक शपथ ली तथा संविधान के मौलिक अधिकारों, मूल कर्तव्यों एवं प्रस्तावना से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राशा तुमरीटोला, हाईस्कूल मर्रामपानी, माशा मंगहूर, शासकीय बालक आश्रम मंगहूर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुरवंडी में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने संविधान की प्रस्तावना पर आधारित शपथ ली।

शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला साधुमिचगांव में संकुल समन्वयक राजकुमार चंद्राकर ने विद्यार्थियों को संविधान का संक्षिप्त इतिहास, संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य, मौलिक अधिकार-कर्तव्य तथा उद्देशिका के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। यहां चित्रकला एवं कविता प्रतियोगिता हुई, जिसमें चित्रकला में रोशन नाग प्रथम, इशिका भूआर्य द्वितीय तथा करन उयके तृतीय रहे। माशा डांगरा में चित्रकला, कविता, स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित हुई, जिसमें चित्रकला में प्रथम हीना नरेटी, द्वितीय अंजू यादव, तृतीय नविता उसेंडी, निबंध लेखन में प्रथम ऐश्वर्या, द्वितीय लोकेश्वरी कुमेटी, तृतीय साक्षी कोवाची, स्लोगन लेखन में प्रथम आदित्री नरेटी, द्वितीय प्रीति यादव एवं कमलेश्वरी नेताम। संयुक्त इसी प्रकार कविता लेखन में प्रथम हीना नरेटी, द्वितीय लोकेश्वरी, तृतीय ऐश्वर्या नरेटी रहे। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने विकासखंड के समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा है कि यह संविधान हमें सिर्फ कानून की किताब नहीं देता, बल्कि हमें मौलिक अधिकार देता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता का अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता, शिक्षा का अधिकार और जीवन का अधिकार और साथ ही यह हमें मौलिक कर्तव्य भी याद दिलाता है कि हमें संविधान का पालन करना है, राष्ट्रीय एकता बनाए रखनी है और देश की संपत्ति की रक्षा करनी है। आज जब हम संविधान दिवस मना रहे हैं, तो हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी पूरी निष्ठा से पालन करेंगे। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव सिंह डे, खंड श्रोत समन्वयक लतीप सोम ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और संविधान दिवस को राष्ट्र निर्माण, जन-भागीदारी तथा लोकतांत्रिक जन-जागरण के महापर्व के रूप में मनाने का संकल्प दोहराया।



# शिक्षक फेडरेशन ने पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण करने की माँग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

शिक्षक हितों के संरक्षण और पदोन्नति संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारियों ने 27 नवंबर को बस्तर के संयुक्त संचालक शिक्षा एचआर सोम से सौजन्य भेंट की। यह बैठक लगभग डेढ़ घंटे तक चली, जिसमें फेडरेशन पदाधिकारियों ने क्रमबद्ध तरीके से अपनी विभिन्न माँगों और समस्याओं से संयुक्त संचालक को अवगत कराया।



फेडरेशन ने मुख्य रूप से माध्यमिक शाला प्रधान पाठक पद की पदोन्नति प्रक्रिया को तत्काल पूर्ण कर रिक्त पदों को भरा जाए, ऐसी मांग रखी। साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षकों के रिक्त पदों पर सहायक शिक्षकों की पदोन्नति जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाए ताकि शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इस दौरान संयुक्त संचालक एचआर सोम ने पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए कहा कि माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के प्रमोशन के उपरांत ही शिक्षकों के रिक्त पदों की सटीक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। हाल ही में शिक्षक से व्याख्याता पद पर पदोन्नत होने वाले शिक्षकों के कारण खाली हुए पदों का भी संज्ञान लेते हुए कहा कि उन्हें पूर्व से रिक्त पदों में समायोजित किया जाएगा ताकि अधिकतम संख्या में पदोन्नति लाभ दिया जा सके। अधिकारियों ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए कहा कि पदोन्नति प्रक्रिया को प्राथमिकता में रखा गया है और शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष बस्तर देवराज खूंटे, प्रांतीय महासचिव पुरुषोत्तम झाड़ी, प्रांतीय संयुक्त सचिव महेश शेट्टी, जिला अध्यक्ष कांकेर निर्भय कोवाची, जिला अध्यक्ष सुकमा धीरेन्द्र मांझी, जिला सचिव बस्तर गणेश्वर नायक, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश कुमार कुंजाम, जिला सलाहकार उत्तम वारे, जगदलपुर ब्लॉक अध्यक्ष अधिन शोरी, दुर्गुकोंदल ब्लॉक अध्यक्ष देवकू प्रसाद महावीर, कांकेर ब्लॉक अध्यक्ष अनस सलाम, बस्तर ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वर बंधैया एवं अन्य पदाधिकारी ओंकार कंवर, मनोज मंडावी, चंद्रशेखर वासम, गजेंद्र ठाकुर, ओमप्रकाश यादव, अशोक जुर्री, दिनेश नाग व राजेंद्र पाणिग्रही उपस्थित रहें।

## पेज 11 के शेष

### शादी समारोह में ...

बताया कि मारपीट के दौरान उसे सीने में गंभीर चोटें आईं और दर्द के साथ सूजन भी हो गई। घटना से परेशान होकर वह अगले दिन थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पखांजुर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी केना महलदार, रूपल सरदार और सुब्रत साना के खिलाफ बीएनएस की धाराओं 115 (2), 296, 3 (5) और 351 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

### 137 करोड़ की ...

रही थी, जो आज पूरी हो गई है। उन्होंने इस सड़क के मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य को समय सीमा में पूरा करने के लिए संबंधित निर्माण एजेंसी तथा विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकसित भारत की ओर अग्रसर हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश में तीव्र गति से विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस समय विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कराया जा रहा है, जिसमें सभी मतदाताओं को जिन्हें बीएलओ द्वारा फार्म उपलब्ध कराए गए हैं, वे उसे भरकर समय-सीमा में बीएलओ के पास जमा करावें। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विकास कार्यों को तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है। माओवाद की चुनौतियों के कारण विकास कार्यों में जो बाधाएं थीं, उन्हें सरकार दूर कर रही है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा 31 मार्च 2026 तक नक्सल उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों के धान 3100 रूपएं प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर तथा तेन्दूपत्ता 5500 रुपएं प्रति मानक बोरा की दर से खरीदा जा रहा है और साथ ही सरकार द्वारा चरण पादुका योजना को फिर से शुरू कर दिया गया है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 05 लाख रुपए तक निःशुल्क उपचार की सुविधा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद भोजराज नाग ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में क्षेत्र में चौमुखी विकास हो रहा है। क्षेत्र के विकास के लिए यह सड़क वरदान सिद्ध होगा, इससे आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस सड़क निर्माण के अलावा रेल लाईन का निर्माण भी इस अंचल के विकास में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि दल्लीराजहरा से रावघाट तक रेल लाईन बिछाई जा रही है, वर्तमान में ताड़ोकी तक रेल लाईन बिछाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना के तहत पात्र सभी महिलाओं को प्रति माह 1000 की सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

### कृषि, व्यापार, शिक्षा ...

पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, जनपद अध्यक्ष अंतागढ़ मनोरमा मंडावी, नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग, मुख्य वन संरक्षक राजेश चंदेले, महेश जैन, अपर कलेक्टर एएस पैकरा, लोक निर्माण विभाग संभाग भानुप्रतापपुर के कार्यपालन अभियंता महेन्द्र कश्यप, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं आशुतोष डड़सेना, जिला परिवहन अधिकारी ऋषभ नायडू सहित जनप्रतिनिधिगण और ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### चर्म रोग की रोकथाम के लिए लगाया शिविर



**गीदम।** एसबीआई फाउंडेशन और परिवर्तन समाज विकास समिति के सहयोग से ग्रापं कमालूर में चर्म रोग निवारण विषेशज्ञ स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासियों में चर्म रोग संबंधी बीमारियों की रोकथाम और उपचार के प्रति जागरूकता फैलाना था। विशेषज्ञ डॉक्टर और परिवर्तन समाज विकास समिति दंतेवाड़ा टीम ने 172 मरीजों का निशुल्क उपचार कर दवाइयां वितरित की। इसके अतिरिक्त 89 लोगों के रक्त की जाँच भी की गई । जिससे उनकी स्वास्थ समस्याओं का गहराई से विश्लेषण और उपचार सुनिश्चित कर सके इस शिविर में परिवर्तन समाज विकास समिति दंतेवाड़ा के परियोजना समन्वयक मोहनीश कुमार यादव, विशेष डॉक्टर व्यासनारायण पैंकरा, फार्मसिस्ट सविता भारती, लैब टेक्नीशियन गेंद कुमारी यादव, स्टाफ नर्स उर्वशी मांझी, पायलेट राजेश ताती ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस शिविर मे ग्राम के सरपंच, सचिव, उपसरपंच एवं पंचगण और मितानिन तथा स्वास्थ विभाग का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### न्यायालय में प्रस्तावना का किया गया वाचन



**दंतेवाड़ा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी अनुसार संविधान दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय प्रांगण में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य द्वारा न्यायाधीशों, कर्मचारियों, उपस्थित पक्षकारों को संविधान का महत्व बताते हुए प्रस्तावना का वाचन संपन्न किया गया। इसके अलावा जिला जेल दंतेवाड़ा में संविधान दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दंतेवाड़ा अनन्त दीप तिर्की द्वारा जिला जेल दंतेवाड़ा में निरूद्ध बंदियों को संवैधानिक मूल्यो एवं संविधान का महत्व बताया गया, साथ ही निरूद्ध बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों की भी जानकारी दी गई एवं उन्हें शिक्षा का महत्व बताते हुए साक्षर होने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निरूद्ध बंदियों से उनके विधिक समस्याओं एवं निराकरण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

# प्रदेश प्रभारी सचिन व अध्यक्ष दीपक का विधायक लखेश्वर ने किया आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा/भोण्ड



आज बस्तर आगमन पर प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट तथा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का नगर पंचायत बस्तर चौक में बस्तर

- बस्तर संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी : विधायक

विधायक लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साहपूर्ण और आत्मीय स्वागत किया गया। शाम से ही भारी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक नगर पंचायत बस्तर चौक में एकत्र होकर शीर्ष नेतृत्व के आगमन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे जैसे ही नेताओं का काफिला स्थल पर पहुंचा, कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, नारों और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया।

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आगमन से बस्तर संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। प्रदेश प्रभारी एवं अध्यक्ष के आगमन से कार्यकर्ताओं में जोश और उमंग का संचार हुआ है, जो आगामी राजनीतिक गतिविधियों को और मजबूत बनाएगा। इस अवसर पर दोनों वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और संगठनात्मक मजबूती, जनसमस्याओं के निराकरण तथा जनता के बीच सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। नेताओं ने कहा कि बस्तर कांग्रेस की मजबूत भूमि है और यहां के कार्यकर्ताओं का समर्पण हमेशा पार्टी की शक्ति रहा है।

पूरे कार्यक्रम के दौरान बस्तर चौक उत्साह, जोश और कांग्रेस जयकारों से गूंजता रहा। स्वागत समारोह के पश्चात दोनों नेता अपने निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए आगे प्रस्थान किए।



### नगर पंचायत बस्तर में धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण

बस्तर। नगर पंचायत बस्तर के धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे, उपाध्यक्ष अनिल परिहार, पार्षद नरसिंह नागेश, बंशीधर कश्यप और मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरुण पाल लहरे ने किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से चर्चा की और प्रभारी को निर्देश दिए कि किसानों से धान खरीदी बिना किसी परेशानी के की जाए। लेम्पस प्रबंधक ने बताया कि प्रतिदिन 1000 क्विंटल धान का टोकन देने का निर्देश है और शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी सुचारू रूप से चालू है। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने धान खरीदी केंद्र की व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

## प्रशांत नायक की उपलब्धि पर समाज ने किया सम्मान

# पीएससी परीक्षा पास कर आबकारी उप निरीक्षक अधिकारी का पद की हासिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा/ हल्बी समाज भानपुरी के द्वारा प्रशांत नायक को सम्मानित किया गया। प्रशांत ने छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा पास कर आबकारी उप निरीक्षक अधिकारी का पद हासिल किया।

- सीमित संसाधनों के बावजूद हासिल की उपलब्धि



प्रशांत के पिता अभय राम नायक शिक्षक एवं माता सुमित्रा नायक गृहिणी भानपुरी बस्तर के निवासी है।

जानकारी देते हुए बताया कि प्रशांत नायक छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा पास कर आबकारी उपनिरीक्षक अधिकारी का पद हासिल किया, सीमित संसाधनों वाले ग्रामीण परिवेश से निकल कर प्रशांत ने यह उपलब्धि हासिल कर यह साबित कर दिया है कि जज्बा सही दिशा और मेहनत हो तो बस्तर के युवा किसी भी मंच पर अपनी क्षमता का लोहा मनवा सकते है। समाज के पदाधिकारी ने सम्मान कार्यक्रम बस्तर की अराध्य मां दंतेश्वरी को हृदय में स्मरण करते हुए भानुप्रताप चुरेन्द्र सीईओ जनपद पंचायत बस्तर के कर कमलों से वेच लगाकर एवं छेदीलाल बघेल सचिव सामान्य प्रकोष्ठ बालेंगा बस्तर के द्वारा पागा बांध कर सम्मानित किया। तत्पश्चात समाज के पदाधिकारियों ने चांवल तिलक लगाकर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करते मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पीयूष नायक अध्यक्ष आदिवासी हल्बा/ हल्बी समाज शाखा भानपुरी, पुरुषोत्तम तारम, बिमल तारसा, जगदीश पटेल, देवेन्द्र कुमार नाग, लाल सिंह ठाकुर, शीला तारम विक्रमसिंह कुदराम, हरीश कुमार नाग, नरेश कुमार भलेंद्र, मनीष देव, सुखचंद बघेल, अरविन्द भोयर, साहिल पाथरे, खिलेश्वरी नायक, उर्मिला कुदराम, सुश्री पायल मसिया, टिकेश भोयर सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

**आत्मविश्वास जरुरी**

प्रशांत कुमार नायक ने बताया कि पीएससी की तैयारी मैंने बिलासपुर में रह कर किया है, नियमित कोचिंग और टेस्ट एक प्रमुख उपाय है। पीएससी के लिए निरन्तरता, धैर्य, आत्मविश्वास बहुत जरुरी है। कोचिंग की थी किन्तु सेफ स्टेडि से भी किया जा सकता है। शिक्षा देश और समाज की प्रगति और विकास के लिए एक मूल आधार है। यह न केवल व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाती है।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

नगर पंचायत बारसूर में इन दिनों सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का मामला गंभीर रूप लेता दिख रहा है। वार्ड क्रमांक 12 दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में व्यापारी गीता गुप्ता पति मनोज

- कांग्रेसी पार्षदों ने लगाया गंभीर आरोप

गुप्ता द्वारा कथित रूप से सरकारी भूमि पर अवैध मकान निर्माण किए जाने का आरोप सामने आया है।

कांग्रेस पार्षद शिवांशु सूर्यवंशी, निर्मल पुजारी और मोहित प्रधान ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के कई वार्डों में सरकारी जमीनों पर लगातार अवैध निर्माण हो रहे हैं लेकिन नगर पंचायत प्रशासन और तहसील कार्यालय इन अवैध गतिविधियों को रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं। पार्षदों ने बताया कि जिस भूमि पर निर्माण कार्य जारी है वह पूरी तरह सरकारी है और इस क्षेत्र में पहले से शासकीय शिक्षकों के लिए बने आवास मौजूद हैं। आवासीय परिसर के बीच निजी जमीन का दावा करना स्वयं में संदेह पैदा करता है। पार्षदों का आरोप है कि निर्माण कार्य को छिपाने के लिए सड़क किनारे त्रिपाल लगाकर काम किया जा रहा है ताकि किसी की नजर न पड़े और प्रशासन की कार्रवाई से बचा जा सके।

**पटवारी के जांच प्रतिवेदन का इंतजार**

इस मामले पर बारसूर तहसीलदार पूनम ठाकुर ने कहा कि विवादित स्थान पर निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि पटवारी के जांच प्रतिवेदन का इंतजार है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि जमीन सरकारी है या निजी। पार्षदों का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते कार्रवाई नहीं करता तो अवैध कब्ज़ों के बढ़ने से नगर पंचायत की सरकारी भूमि लगातार प्रभावित होती रहेगी।

# लोक गायिका अलका पहुंची आदिवासी विद्यार्थियों के बीच

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

कला एवं संगीत महाविद्यालय जावंगा गीदम में छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोकगायिका अलका चंद्राकर परगनिहा का आगमन हुआ। उनके स्वागत में महाविद्यालय परिसर उत्साह और उमंग से भर उठा। कार्यक्रम के दौरान अलका चंद्राकर ने विद्यार्थियों को संगीत की विभिन्न बारीकियों से अवगत कराया तथा सुर, ताल, लय और अभिव्यक्ति पर विशेष मार्गदर्शन दिया।

उन्होंने छात्रों को नियमित अभ्यास, अनुशासन और रियाज़ को संगीत-साधना का मूल आधार बताते हुए निरंतर सीखते रहने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने बताया कि अलका चंद्राकर जैसी प्रतिष्ठित कलाकार का मार्गदर्शन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया।गौरतलब है कि कला एवं संगीत महाविद्यालय जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के सौजन्य से वीरांगना मासक देवी नाग शासकीय नवीन आदर्श महाविद्यालय जावंगा के अंतर्गत संचालित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विवेक शर्मा एवं संचालन नोडल अधिकारी सुरेश कुमार यादव ने की। इस दौरान समस्त प्राध्यापकगण, हॉस्टल अधीक्षक एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें। छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत की महक से महाविद्यालय का वातावरण सुरमय हो उठा और विद्यार्थियों में नए उत्साह का संचार हुआ।



### असत्य गणना प्रपत्र भरना दंडनीय

**बीजापुर।** मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 4 नवंबर से प्रारंभ हो गया है। निर्वाचकों को गणना प्रपत्र का वितरण लगभग पूर्ण कर लिया है और वर्तमान में गणना प्रपत्रों के संग्रहण व डिजिटलीकरण का कार्य प्रगति पर है। नागरिकों से अपील की गई है कि यदि मृत व्यक्ति या ऐसे व्यक्ति के संबंध में गणना प्रपत्र जमा करना जो अब भारतीय नागरिक नहीं रहा है या ऐसे निर्वाचक जिनका नाम मतदाता सूची में एक से अधिक स्थानों पर दर्ज है और वह एक से अधिक स्थानों के संबंध में गणना प्रपत्र जमा करता है और इस प्रकार गणना प्रपत्र में गलत या असत्य जानकारी की घोषणा करता है जो कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत दंडनीय है।



### संविधान दिवस पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र में किया माल्यार्पण

**लोहंडीगुड़ा।** उसरीबेड़ा बाजार में शहीद स्मारक स्थल पर संविधान दिवस के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। संविधान में दिए गए अधिकारों को जनता के सम्मुख बताया गया। इस अवसर पर सर्व आदिवासी के संभागीय अध्यक्ष हिड़मो राम मंडावी, मधु बघेल सरपंच उसरीबेड़ा, गुड्डू कश्यप सरपंच धूरागांव, टंकेश्वर भारद्वाज, कृष्णा ठाकुर, पूनम बैज, रामू राम मौर्य, मानसिंह बाकड़े, जानकी राम सहित सर्व आदिवासी समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

# कुलपति ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

इन्दिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल ने कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा का भ्रमण किया। भ्रमण अंतर्गत कुलपति ने कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह द्वारा संचालित दंतेश्वरी न्यूट्री फूड्स का उद्घाटन किया।



तत्पश्चात प्राकृतिक खेती अंतर्गत अर्ध दिवसीय कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक ओम प्रकाश ने केंद्र की गतिविधिओं का संक्षिप्त विवरण दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ गिरीश चंदेल ने विस्तार पूर्वक कृषको का मार्गदर्शन किया। साथ ही आदान सामाग्री एवं सब्जी बीज का वितरण किया। साथ ही प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र को आगे आकर कार्य करने के लिए निर्देश दिये। निदेशक विस्तार सेवाएं इन्दिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर डॉ एसएस. टूटेजा ने लघु धान्य फसलों के क्षेत्र विस्तार एवं प्रसंस्करण पर विशेष ज़ोर देने की बात कही। कुलपति डॉ गिरीश चंदेल द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा के माध्यम से कृषकों के साथ किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों अंतर्गत आदान सामग्रियों का वितरण किया गया। जिसमें प्रक्षेत्र परीक्षण एवं प्राकृतिक खेती अंतर्गत चना बीज वितरण प्राकृतिक खेती अंतर्गत स्व सहायता समूह के महिलाओं को प्लास्टिक ड्रम का वितरण। इस प्रकार कुल 70 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आदान सामाग्रियों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में शहीद गुंडाधूर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र जगदलपुर के अधिष्ठाता डॉ आर.एस. नेताम, डॉ अश्विनी ठाकुर, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डिप्रोशन बंजारा, डॉ. प्रवीण कुमार निषाद, एस के पोडयाम, के साथ सम्पूर्ण जिले से 70 कृषक उपस्थित थे।



### कलेक्टर ने दिलाई सच्ची निष्ठा की शपथ

दंतेवाड़ा। संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर कुणाल दुदावत के नेतृत्व में अधिकारी-कर्मचारियों को भारत के संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा रखने की शपथ दिलाई गई। कलेक्टर ने शपथ के दौरान कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों का संरक्षक है। अतः सभी को देश की संप्रभुता, एकता एवं अखंडता बनाए रखने तथा अपने दायित्वों का ईमानदारी, निष्ठा और निष्पक्षता के साथ निर्वहन करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, संयुक्त कलेक्टर भरतराम ध्रुव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कलेक्ट्रेट के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# समृद्धि का स्रोत बना मछली पालन, कृषकों का आसान हुआ जीवन यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

वर्तमान में खेती किसानी एवं मत्स्य पालन व्यवसाय का तालमेल कृषकों के आजीविका और उन्नति के बहुमुखी स्रोत के रूप में उभरा है। जो पूरे कृषि परिदृश्य में आमूलचूल परिवर्तन लाकर कृषकों के जीवन स्तर को एक सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से टिकाऊ सुरक्षा प्रदान

- मछली पालन कर प्रति वर्ष लगभग 2 लाख का शुद्ध आय अर्जित कर रहे



करता है। तात्पर्य है कि मौसम परिवर्तन का सीधा असर जहां फसल उत्पादन पर पड़ता हैं वहीं फसलों के बाजार मूल्य में उतार चढ़ाव भी कृषकों की कुल आय पर प्रतिकूल प्रभाव डालते है। ऐसी स्थिति में मत्स्य पालन जैसे व्यवसाय कृषकों के लिए सपोर्ट सिस्टम का काम करते है। बस्तर जैसे अंचल में जहां के अधिकतर कृषक वर्षा आश्रित फसलों पर निर्भर रहते है वहां खेती के अलावा इसी से संबंधित पशुपालन, कुक्कुट पालन, मत्स्य पालन जैसे व्यवसायों पर ध्यान केन्द्रित करना अब आवश्यकता बनता जा रहा हैं और अगर मत्स्य पालन की बात करें तो यह देखा गया है कि बस्तर जिले के किसानों के पास अक्सर खेतिहर भूमि के बाद भी ऐसी भूमि बची रह जाती है जिनका उपयोग नहीं हो पाता और अगर ऐसी भूमि जल स्रोतों के निकट हो तो मछली पालन के लिए यह आदर्श स्थल साबित हो सकती है। इस क्रम में जिले के कई ऐसे जागरूक और प्रगतिशील किसान भी है जिन्होंने खेती के साथ-साथ सफल मत्स्य पालन करके अपनी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार लाया है जो अन्य कृषकों के लिए प्रेरणास्रोत है।

ग्राम फुलनार के सन्तुराम पोड़ियाम पिता बोना राम भी इन्हीं सफल कृषकों में से एक है। जो खेती और मछली उत्पादन से जुड़ कर अपनी वार्षिक आय में पर्याप्त वृद्धि करके अपने जीवन को समृद्ध बनाया है। उनका कहना है कि धान की खेती उनका पुश्तैनी कार्य है जो उन्हें हर परिस्थिति में करना ही है। परन्तु वे हमेशा से ही धान के खेती के साथ-साथ अन्य समानान्तर व्यवसाय को अपनाना चाहते थे। धान खेती में अत्यधिक मेहनत और लागत तथा कामगारों की कमी तथा संतोषजनक उत्पादन न होने जैसी समस्याओं के चलते मत्स्य पालन ने उन्हें आकर्षित किया।



## खबर संक्षेप

### तीर्थ यात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**नरहरपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत नरहरपुर विकासखंड के श्रद्धालुओं को धार्मिक यात्रा के लिए रवाना किया गया। जनपद अध्यक्ष सोमन कावडे व पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती तथा जनपद सीईओ बेनूराम सुखदेवे की उपस्थिति में श्रद्धालुओं से भरी बस को हरी झंडी दिखाकर मंगलमय यात्रा की शुभकामनाओं के साथ प्रस्थान कराया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने तीर्थयात्रियों का स्वागत किया और उनके लिए सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की। इस योजना के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों व श्रद्धालुओं को सरकार द्वारा निःशुल्क तीर्थ दर्शन की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे आमजन में खुशी का माहौल है। बस रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं ने शासन एवं जनपद पंचायत का आभार व्यक्त किया। अधिकारियों ने बताया कि यात्रा के दौरान सभी यात्रियों की सुविधा, स्वास्थ्य व्यवस्था एवं सुरक्षित आवागमन का पूरा ध्यान रखा जाएगा। जनपद अध्यक्ष सोमन कावडे ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना प्रदेश के बुजुर्गों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।

# डॉ.आंबेडकर के योगदान को किया याद व आत्मानंद कालेज में मनाया संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. लक्ष्मी लेकाम, डॉ. अर्चना सिंह, मुख्य वक्ता विजय कुमार बेसरा, सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी एनएल पचबीये तथा प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी एनएल पचबीये ने बताया कि संविधान ने ही मुझमें पढ़ने की प्यास जगायी। 2 साल 11 माह 18 दिन के अथक प्रयास के हुए संविधान निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर की भूमिका बताते हुए, उससे जन सामान्य को मार्गदर्शन लेने की प्रेरणा दी। मुख्य वक्ता विजय बेसरा ने भारत का इतिहास बताते हुए यह स्पष्ट किया कि किस प्रकार भारत का संविधान बना तथा इस संविधान ने हमें किस-किस तरह की आजादी दी है। 26 जनवरी 1950 को लागू हुए इस हमारे संविधान के निर्माण में महिलाओं की भूमिका व छग की भूमिका का विस्तार से वर्णन किया। संविधान की शक्ति को बताते हुये देश के शीर्ष से लेकर छग के शीर्ष तक उसकी विशिष्टता को बताया। आज किन्नरों का जीवन सम्मान केवल हमारे संविधान की शक्ति के ही कारण हुआ, यह स्पष्ट किया। जम्मू कश्मीर की वर्तमान स्थिति, धारा 370 का उल्लेख, संविधान के छः मौलिक अधिकार, महिलाओं के-गरीबों के हित में संविधान का नैतिक व सख्त रूप को सभागार के समक्ष रखा। संविधान से शिक्षा को संरक्षण किस प्रकार मिला इसका उल्लेख किया। डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्षों के माध्यम से सभागार को चौतरफा संदेश देते हुए जीवन में नियम-अनुशासन का महत्व बताया। डॉ. अर्चना सिंह ने संविधान के माध्यम से हर विद्यार्थी से अपने नैतिक जिम्मेदारियों को निभाने का आग्रह किया। युवा ही भारत का भविष्य है जिसे बहुत संजीदगी से अपने हर दायित्व को निभाते हुए जीवन को सार्थक करना चाहिए, यह सलाह दी।

### संविधान से मानव का अधिकार सुरक्षित

*मुख्य अतिथि डॉ. लक्ष्मी लेकाम ने संविधान दिवस का महत्व बताते हुए, भारत के इतिहास का विस्तार से वर्णन करते हुए संविधान को भारत की दिशा का प्रतीक बताया संविधान को नैतिकता का चौतरफा समन्वय बताते हुए, देश के नागरिकों को उनके कर्तव्य की ओर उन्मुख रहने की प्रेरणा दी क्योंकि यही हमारे संविधान का निर्देश है। संविधान उतना ही अच्छा या बुरा होगा जितने उसे देश के नागरिक इस कथन के साथ अपने वक्तव्य का समापन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय साहू सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ने किया, जिन्होंने संचालन के साथ संविधान की विशिष्टता को विभिन्न माध्यमों से रखते हुए कार्यक्रम का गरिमापूर्ण संचालन किया। कार्यक्रम में सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार सहायक प्राध्यापक खिलेश्वर कोसमा, प्रियंका गवर्ना, डॉ. अशोक कुमार भारती, अतिथि व्याख्याता डॉ. आभा श्रीवास्तव, डॉ. शनिष्ठा, सत्यप्रिया जैन, विवेक मानसागर, चित्रसेन राय व कार्यालयीन स्टाफ सुनेश्वर ठाकुर, तेजस कुमार उइके, कृतिका नेताम, रोशनी ध्रुव, टोमेश्वरी कोर्राम एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।*

### संविधान दिवस पर प्रैक्टिसिंग स्कूल में हुई क्विज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



प्रैक्टिसिंग स्कूल कांकेर में 26 नवंबर को बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ संविधान दिवस मनाया। इस खास दिन पर स्पेशल असेंबली रखी गई थी। स्कूल के प्राचार्य पीके विश्वास एवं व्याख्याता पुनम सिंह ने भारतीय संविधान के महत्व और डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान के बारे में सभी को जानकारी दिया। इस सेलिब्रेशन का एक खास आकर्षण राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम था, जिसे पूरे स्कूल ने एक साथ गाया। वंदे मातरम की गूंज ने माहौल को देश के प्रति गर्व और सम्मान से भर दिया। सभी ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ लेते हुए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के मूल्यों को बनाएं रखने कि बात कही। देश पर आधारित क्विज कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं में संविधान के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने में मदद मिली। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्राएं उपस्थित रहें।

## आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने समाज उत्थान पर की विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



विकासखण्ड नरहरपुर के आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष ने अनुसूचित जनजाति आयोग के केंद्रीय राज्य मंत्री से सौजन्य भेंट कर उन्हें बस्तर आगमन का औपचारिक नेवता दिया। इस मुलाकात के दौरान क्षेत्र के आदिवासी समाज से जुड़े मुद्दों, उनकी समस्याओं और समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष सगेसिंह सिंह वट्टी ने मंत्री को बताया कि बस्तर संभाग के कई आदिवासी बहुल क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पारंपरिक संस्कृति संरक्षण और वनाधिकार जैसे महत्वपूर्ण विषय लंबे समय से समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री के बस्तर आने से न केवल समाज को प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि जमीनी स्तर पर समस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में ठोस पहल भी संभव होगी।

केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास ऊईके ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि केंद्र सरकार आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री ने बस्तर आगमन के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए कहा कि वे शीघ्र ही क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय समस्याओं का प्रत्यक्ष अवलोकन करेंगे। प्रतिनिधियों का मानना है कि मंत्री के संभावित दौरे से क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा आदिवासी समाज की लम्बित मांगों के समाधान की उम्मीद और मजबूत होगी।













